Office of the Principal, Government College Bichhua
Chhindwara (M.P.) 480111
Mobile: +91 9425425968, Email- hegcbicchh@mp.gov.in
https://www.govtcollegebichhua.org, https://www.highereducation.mp.gov.in/?orgid=109
Established on 21/09/1989, Recognized under 2 (f) & 12 (B) of the UGC Act, 1956
Affiliated to Raja Shankar Shah University, Chhindwara (M.P.) 480001

# APPOINTMENT PROCEDURE




Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O=" GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E= iqacgovtcollegebichhua @gmail.com
Date: 2024.07.15 06:08:26+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU= PRINCIPAL, O= GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN= RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav @mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:08:55+05'30'

# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

**रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर**

## शुद्धिपत्र क्रमांक 08/16-53/2022 दिनांक 12.04.2024 (संशोधित तिथि विन्यास)

**सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022 (समस्त विज्ञापित विषयों हेतु) एवं ग्रंथपाल तथा क्रीड़ा अधिकारी के पदों के लिए अतिथि विद्वानों को अधिकतम आयु-सीमा में 10 वर्ष की छूट प्रदान किए जाने एवं समस्त अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया पुन: प्रारंभ करने विषयक**

01 आयोग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन हेतु सहायक प्राध्यापकों एवं ग्रंथपाल तथा क्रीड़ा अधिकारी के पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 16/2022 से विज्ञापन क्रमांक 53/2022 तक दिनांक 30.12.2022 को आयोग की वेबसाइट https://mppsc.mp.gov.in पर प्रकाशित किए गए थे।

02 मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक F1/1/0029/24/381 दिनांक 27.03.2024 में प्रदत्त आदेशानुसार :-

1. **अतिथि विद्वानों को भर्ती परीक्षा में निर्धारित आयु-सीमा में अध्यापन अनुभव के बराबर अर्थात् एक अकादमिक सत्र में अनुभव के लिए एक वर्ष किन्तु अधिकतम 10 वर्षों की छूट प्रदान की जाती है। आयु-सीमा में यह छूट सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्धारित अधिकतम आयु-सीमा के अतिरिक्त होगी।"** इसके अनुक्रम में आयोग द्वारा जारी पृथक-पृथक विज्ञापन दिनांक 30.12.2022 में शासकीय महाविद्यालयों में रिक्त पदों के विरुद्ध कार्य करने वाले अतिथि विद्वानों को अधिकतम 10 वर्ष की आयु-सीमा में छूट दी जाती है।

2. उपरोक्त छूट के परिप्रेक्ष्य में समस्त अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पुन: प्रारंभ की जाती है। इस हेतु तिथि विन्यास निम्नानुसार रहेगा :-

| **ऑनलाइन आवेदन हेतु सामान्य शुल्क (अनारक्षित श्रेणी हेतु रूपए 500/- तथा आरक्षित श्रेणी हेतु रूपए 250/- ) के साथ** | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन की प्रारम्भ तिथि | 05-04-2024 |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 13-04-2024 (दोपहर 12:00 बजे तक) |
| ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि-सुधार करने की प्रारम्भ तिथि | 15-04-2024 |
| ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि-सुधार करने की अंतिम तिथि | 17-04-2024 (दोपहर 12:00 बजे तक) |
| **सामान्य शुल्क के अतिरिक्त विलंब शुल्क 01 (रूपए 3000/- के साथ)** | |
| ऑनलाइन आवेदन की प्रारम्भ तिथि | 16-04-2024 (दोपहर 12:00 बजे पश्चात् से) |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 20-04-2024 (दोपहर 12:00 बजे तक) |
| ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि-सुधार करने की अंतिम तिथि | 22-04-2024 (दोपहर 12:00 बजे तक) |
| **सामान्य शुल्क के अतिरिक्त विलंब शुल्क 02 (रूपए 25000/- के साथ)** | |
| ऑनलाइन आवेदन की प्रारम्भ तिथि | 22-04-2024 (दोपहर 12:00 बजे पश्चात् से) |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 30-04-2024 (दोपहर 12:00 बजे तक) |
| ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि-सुधार करने की अंतिम तिथि | 02-05-2024 (दोपहर 12:00 बजे तक) |

1. समस्त अभ्यर्थियों के लिए अर्हता हेतु अंतिम तिथि 13.04.2024 ही रहेगी। दिनांक 13.04.2024 के पश्चात् अर्हता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी आवेदन करने हेतु अपात्र होंगे। विलंब शुल्क केवल विलंब से आवेदन करने की सुविधा हेतु है।
2. त्रुटि सुधार शुल्क सभी आवेदनों हेतु रूपए 50/- प्रति त्रुटि-सुधार सत्र रहेगा।
3. त्रुटि-सुधार में श्रेणी परिवर्तन की स्थिति में आरक्षित वर्ग से अनारक्षित वर्ग में सुधार की स्थिति में शुल्क अंतर की राशि अतिरिक्त रूप से जमा करनी होगी किन्तु अनारक्षित वर्ग से आरक्षित वर्ग में त्रुटि-सुधार की स्थिति में शुल्क अंतर की राशि वापस नहीं की जाएगी।
4. त्रुटि-सुधार अवधि में भी अभ्यर्थी के नाम में कोई सुधार नहीं किया जा सकेगा अत: अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपने नाम का अत्यंत सावधानीपूर्वक प्रविष्टि करें।

**नोट :- पूर्व में आवेदन कर चुके समस्त अभ्यर्थियों को पुन: आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा आयु-सीमा की छूट के संदर्भ में दायर विभिन्न याचिकाओं तथा विषयवार मूल विज्ञापन हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि के बाद NET परीक्षा परिणाम दिनांक 17.01.2024 द्वारा उत्तीर्ण होने के आधार पर अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठाने हेतु आदेशित किया गया है, उनके लिए पृथक व्यवस्था अपेक्षित नहीं है तथा वे सामान्य अभ्यर्थियों की भांति ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।**

03 विज्ञापन की शेष शर्तें यथावत रहेगी।

परीक्षा नियंत्रक

Digitally signed by DR. POOJA TIWARI
DN: OU=IQAC COORDINATOR, O="GOVT. COLLEGE, BICHHUA, DIST. CHHINDWARA (M.P.)", CN=DR. POOJA TIWARI, E=iqacgovtcollegebichhua@gmail.com
Date: 2024.07.15 06:08:26+05'30'

Digitally signed by RAJENDRA PRASAD YADAV
DN: OU=PRINCIPAL, O=GOVT. COLLEGE BICHHUA, CN=RAJENDRA PRASAD YADAV, E=rajendrap.yadav@mp.gov.in
Date: 2024.07.15 06:08:55+05'30'